Weekly current affairs in Hindi 15 to 21 September 2021 | वीकली करंट अफेयर्स सितम्बर 2021 Pdf

By Jitendra rathore / 21 September 2021

1) 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया है । 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को देश की राष्ट्रभाषा बनाने का निर्णय लिया था । लेकिन वर्तमान में हमारे देश में किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है तथा केंद्रीय प्रशासन हिंदी तथा अंग्रेजी दो भाषाओं में कामकाज करता है । पहली बार हिंदी दिवस 14 सितंबर 1953 को मनाया गया था ।

2) 15 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया गया है ।

3) 16 सितंबर को **अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस** मनाया गया है । इस दिवस को मनाने का उद्देश्य ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों का उत्पादन कम करना है । पहली बार अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस 16 सितंबर 1995 को मनाया गया था ।

4) 17 सितंबर को विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया गया है ।

5) 18 सितंबर को विश्व बांस दिवस मनाया गया है ।

6) 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी है ।

7) राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने **ह्यूमन राइट्स एंड टेररिज्म इन इंडिया** नामक पुस्तक लिखी है ।

8) आनंद कुमार को स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार 2021 मिला है । श्री आनंद कुमार **सुपर 30 कोचिंग** के संस्थापक एवं गणित के अध्यापक हैं ।

9) तमिलनाडु राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण 30% से बढ़ाकर 40% कर दिया है ।

10) आईआईटी बॉम्बे ने प्रोजेक्ट उड़ान लॉन्च किया है। प्रोजेक्ट उड़ान, एक अनुवादक तंत्र है जो अंग्रेजी से हिंदी और अन्य सभी भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक और तकनीकी सामग्री का अनुवाद करता है।

11) भारत में नवंबर माह में पहली बार बौद्ध सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

12) **UNCTAD** (United Nations Conference on Trade and Development) ने 2021 में भारत की विकास दर 7.2% रहने का अनुमान लगाया है।

13)- 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **संसद टीवी** को लॉन्च किया है। संसद टीवी में लोकसभा टीवी और राज्यसभा टीवी का विलय किया गया है। संसद टीवी के 2 चैनल होंगे, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही एक साथ प्रसारित की जाएगी।

14) टाटा स्टील ने कार्बन डाइऑक्साइड ($Co_{2)}$ कैप्चर के लिए जमशेदपुर में भारत का पहला प्लांट चालू किया है।

15) अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया ने मिलकर AUKUS नाम का एक **नौसैनिक सामरिक/रणनीतिक रक्षा संगठन** बनाया है।

16) पंकज आडवाणी ने एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब जीता है।

17) भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के T-20 प्रारूप की कप्तानी छोड़ने की घोषणा की है।

18) मणिपुर राज्य की हाथी मिर्च और तामेंगलोंग संतरे को जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) टैग मिला है।

19) नागालैंड के कोहिमा में भारत का 61 वां तथा नागालैंड का पहला सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क केंद्र खोला गया है।

20) नागालैंड में सभी राजनीतिक दलों की सहमति से संयुक्त रूप से सरकार चलाने का निर्णय लिया गया है। इस संयुक्त गठबंधन का नाम **संयुक्त लोकतांत्रिक गठबंधन** रखा गया है। यह एक विपक्ष रहित सरकार होगी।

21) सिक्किम राज्य सरकार ने **कूपर मशीर** नामक मछली को राज्य मत्स्य घोषित किया है। क्षेत्रीय भाषा में इसे केटली मछली के नाम से जाना जाता है।

22) दिल्ली राज्य सरकार ने छात्रों में आर्टिस्टिक पैशन को बढ़ावा देने के लिए **म्यूजिक बस** कार्यक्रम शुरू किया है।

23) चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब का नया मुख्यमंत्री चुना गया है। इससे पहले के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह से कार्यकाल से पहले इस्तीफा ले लिया गया था।

24) राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने सैन्य नर्सिंग सेवा की उप महानिदेशक ब्रिगेडियर एस वी सरस्वती को उनके अपार योगदान के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया।

25) पंजाब की हरमिलन कौर बैंस ने 1500 मीटर दौड में सुनीता रानी के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड दिया है।

26) संयुक्त राष्ट्र ने कैलाश सत्यार्थी को सतत विकास लक्ष्यों का एडवोकेट नियुक्त किया है। श्री कैलाश सत्यार्थी एक भारतीय समाज सुधारक हैं। उन्होंने भारत में बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया है और वे सभी के लिए शिक्षा की वकालत करते हैं।

27) भारत और अमेरिका ने **क्लाइमेट एक्शन एंड फाइनेंस मोबिलाइजेशन डायलॉग** शुरू किया है।

28)- 20 सितंबर को भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच 15 दिवसीय सैन्य अभ्यास **सूर्य किरण** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में शुरू हुआ है। यह सैन्य अभ्यास आतंकवाद रोधी अभियानों और आपदा राहत कार्यों पर केंद्रित है। यह भारत और नेपाल के बीच सूर्य किरण अभ्यास सीरीज का 15 संस्करण है।

29) विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (World Intellectual Property Organization- WIPO) द्वारा जारी ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2021 रैंकिंग में भारत ने 46 वा स्थान हासिल किया है। पिछले कई वर्षों में भारत ने इनोवेशन के क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है। 2015 में ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत 81 वें स्थान पर था।

30) शंघाई सहयोग संगठन एक्सरसाइज पीसफुल मिशन 2021 का छठा संस्करण दक्षिण पश्चिम रूस के ऑरेनबर्ग क्षेत्र में शुरू हुआ।

Visit Our Website- www.thecareeraffairs.com

Follow Us at- Facebook Instagram Telegram Sharechat